# Sri Lalita Chalisa Lyrics in Hindi English

## Sri Lalita Chalisa Lyrics in Hindi

॥ चौपाई ॥
जयति जयति जय ललिते माता ।तव गुण महिमा है विख्याता ॥
तू सुन्दरी, त्रिपुरेश्वरी देवी ।सुर नर मुनि तेरे पद सेवी ॥

तू कल्याणी कष्ट निवारिणी ।तू सुख दायिनी, विपदा हारिणी ॥
मोह विनाशिनी दैत्य नाशिनी ।भक्त भाविनी ज्योति प्रकाशिनी ॥

आदि शक्ति श्री विद्या रूपा ।चक्र स्वामिनी देह अनूपा ॥
ह्रदय निवासिनी-भक्त तारिणी ।नाना कष्ट विपति दल हारिणी ॥

दश विद्या है रुप तुम्हारा ।श्री चन्द्रेश्वरी नैमिष प्यारा ॥
धूमा, बगला, भैरवी, तारा ।भुवनेश्वरी, कमला, विस्तारा ॥

षोडशी, छिन्न्मस्ता, मातंगी ।ललितेशक्ति तुम्हारी संगी ॥
ललिते तुम हो ज्योतित भाला ।भक्त जनों का काम संभाला ॥

भारी संकट जब-जब आये ।उनसे तुमने भक्त बचाए ॥
जिसने कृपा तुम्हारी पायी ।उसकी सब विधि से बन आयी ॥

संकट दूर करो माँ भारी ।भक्त जनों को आस तुम्हारी ॥
त्रिपुरेश्वरी, शैलजा, भवानी ।जय जय जय शिव की महारानी ॥

योग सिद्दि पावें सब योगी ।भोगें भोग महा सुख भोगी ॥
कृपा तुम्हारी पाके माता ।जीवन सुखमय है बन जाता ॥

दुखियों को तुमने अपनाया ।महा मूढ़ जो शरण न आया ॥
तुमने जिसकी ओर निहारा ।मिली उसे सम्पत्ति, सुख सारा ॥

आदि शक्ति जय त्रिपुर प्यारी ।महाशक्ति जय जय, भय हारी ॥
कुल योगिनी, कुण्डलिनी रूपा ।लीला ललिते करें अनूपा ॥

महा-महेश्वरी, महा शक्ति दे ।त्रिपुर-सुन्दरी सदा भक्ति दे ॥
महा महा-नन्दे कल्याणी ।मूकों को देती हो वाणी ॥

इच्छा-ज्ञान-क्रिया का भागी ।होता तब सेवा अनुरागी ॥
जो ललिते तेरा गुण गावे ।उसे न कोई कष्ट सतावे ॥

सर्व मंगले ज्वाला-मालिनी ।तुम हो सर्व शक्ति संचालिनी ॥
आया माँ जो शरण तुम्हारी ।विपदा हरी उसी की सारी ॥

नामा कर्षिणी, चिन्ता कर्षिणी ।सर्व मोहिनी सब सुख-वर्षिणी ॥
महिमा तव सब जग विख्याता ।तुम हो दयामयी जग माता ॥

सब सौभाग्य दायिनी ललिता ।तुम हो सुखदा करुणा कलिता ॥
आनन्द, सुख, सम्पत्ति देती हो ।कष्ट भयानक हर लेती हो ॥

मन से जो जन तुमको ध्यावे ।वह तुरन्त मन वांछित पावे ॥

लक्ष्मी, दुर्गा तुम हो काली ।तुम्हीं शारदा चक्र-कपाली ॥

मूलाधार, निवासिनी जय जय ।सहस्रार गामिनी माँ जय जय ॥
छ : चक्रों को भेदने वाली ।करती हो सबकी रखवाली ॥

योगी, भोगी, क्रोधी, कामी ।सब हैं सेवक सब अनुगामी ॥
सबको पार लगाती हो माँ ।सब पर दया दिखाती हो माँ ॥

हेमावती, उमा, ब्रह्माणी ।भण्डासुर कि हृदय विदारिणी ॥
सर्व विपति हर, सर्वाधारे ।तुमने कुटिल कुपंथी तारे ॥

चन्द्र- धारिणी, नैमिश्वासिनी ।कृपा करो ललिते अधनाशिनी ॥
भक्त जनों को दरस दिखाओ ।संशय भय सब शीघ्र मिटाओ ॥

जो कोई पढ़े ललिता चालीसा ।होवे सुख आनन्द अधीसा ॥
जिस पर कोई संकट आवे ।पाठ करे संकट मिट जावे ॥

ध्यान लगा पढ़े इक्कीस बारा ।पूर्ण मनोरथ होवे सारा ॥
पुत्र-हीन संतति सुख पावे ।निर्धन धनी बने गुण गावे ॥

इस विधि पाठ करे जो कोई ।दु:ख बन्धन छूटे सुख होई ॥
जितेन्द्र चन्द्र भारतीय बतावें ।पढ़ें चालीसा तो सुख पावें ॥

सबसे लघु उपाय यह जानो ।सिद्ध होय मन में जो ठानो ॥
ललिता करे हृदय में बासा ।सिद्दि देत ललिता चालीसा ॥

॥ दोहा ॥
ललिते माँ अब कृपा करो,सिद्ध करो सब काम ।
श्रद्धा से सिर नाय करे,करते तुम्हें प्रणाम ॥

## Sri Lalita Chalisa Lyrics in English

Chaupāī
Jai Jai Jai Lalite Mātā. Tava Gun Mahimā Hai Vikhyātā.
Tū Sundarī, Tripureśwarī Devī. Sur Nar Muni Tere Pad Sevī.

Tū Kalyāṇī Kaṣṭ Nivāraṇī. Tū Sukh Dāyī, Vipadā Hāraṇī.
Moh Vināśinī Daityā Nāśinī. Bhakt Bhāvinī Jyoti Prakāśinī.

Ādi Shakti Shri Vidyā Rūpā. Chakra Swāminī Deh Anūpā.
Hriday Nivāsinī-Bhakt Tārīṇī. Nānā Kaṣṭ Vipati Dal Hāraṇī.

Daśa Vidyā Hai Rūp Tummhārā. Shri Candraśwarī Naimiṣh Pyārā.
Dhūmā, Baglā, Bhairavī, Tārā. Bhavaneśwarī, Kamalā, Vistārā.

Shoḍashī, Chinnmastā, Māṭaṅgī. Lalitē Tum Ho Jyotit Bhālā.
Bhakt Janon Kā Kāma Sambhālā.

Bhārī Kaṅkaṭ Jab-Jab Āye. Unse Tumne Bhakt Bachāye.
Jisne Kripā Tumhārī Pāī. Uski Sab Vidhi Se Ban Āyī.

Sankat Dūr Karo Māṁ Bhārī. Bhakt Janon Ko Ās Tumhārī.
Tripureśwarī, Śailajā, Bhavānī. Jai Jai Jai Śiva Kī Mahārānī.

Yog Siddhi Pāve Sab Yogī. Bhoge Bhog Mahā Sukh Bhogī.
Kripā Tumhārī Pāke Māṭā. Jīvan Sukhmay Hai Ban Jātā.

Dukhīon Ko Tumne Apnāyā. Mahā Mūḍh Jo Śaraṇ Na Āyā.
Tumne Jis Kī Or Niharā. Milī Use Sampatti, Sukh Sārā.

Ādi Shakti Jai Tripur Pyārī. Mahāśakti Jai Jai, Bhay Hārī.
Kul Yoginī, Kuṇḍalinī Rūpā. Līlā Lalitē Karēn Anūpā.

Mahā-Mahāśwarī, Mahā Śakti De. Tripur-Sundarī Sadā Bhakti De.
Mahā Mahā-Nande Kalyānī. Mūkoṁ Ko Detī Ho Vāṇī.

Ichhā-Jñān-Kriyā Kā Bhāgī. Hotā Tab Seva Anurāgī.
Jo Lalitē Tera Gun Gāve. Use Na Koī Kaṣṭ Satāve.

Sarv Maṅgale Jwālā-Mālinī. Tum Ho Sarv Śakti Sanchālinī.
Āyā Māṁ Jo Śaraṇ Tumhārī. Vipadā Harī Usī Kī Sārī.

Nāma Karṣhiṇī, Chintā Karṣhiṇī. Sarv Mohinī Sab Sukh-Varṣiṇī.
Mahimā Tava Sab Jag Vikhyātā. Tum Ho Dayāmayī Jag Mātā.

Sab Saubhāgya Dāyini Lalitā. Tum Ho Sukhda Karuṇā Kalitā.
Ānanda, Sukh, Sampatti Detī Ho. Kaṣṭ Bhayānak Har Letī Ho.

Man Se Jo Jan Tumko Dhyāve. Wah Turant Man Vānchit Pāve.
Lakṣhmī, Durga Tum Ho Kālī. Tumhī Śārada Chakra-Kāpālī.

Mūlādhār, Nivāsinī Jai Jai. Sahastrār Gāminī Māṁ Jai Jai.
Chhaḥ Chakron Ko Bhedne Wālī. Kartī Ho Sabkī Rakhwālī.

Yogī, Bhogī, Krodhī, Kāmi. Sab Hai Sevak Sab Anugāmī.
Sabko Pār Lagātī Ho Māṁ. Sab Par Dayā Dikhātī Ho Māṁ.

Hemāvatī, Umā, Brahmāṇī. Bhaṇḍāsur Kī Hriday Vidāriṇī.
Sarv Vipati Har, Sarvādhāre. Tumne Kuṭil Kupaṅthī Tāre.

Candra-Dhāriṇī, Naimiśwāsinī. Kripā Karo Lalitē Adhanāśinī.
Bhakt Janon Ko Darśan Dikhāo. Sanśay Bhay Sab Śīghra Miṭāo.

Jo Koī Paṛhe Lalitā Chālīsā. Hovē Sukh Ānanda Adhīsā.
Jis Par Koī Sankat Āve. Pāṭh Kare Sankat Miṭ Jāve.

Dhyān Lagā Paṛhe Ikvīs Bārā. Pūrṇ Manorath Hovē Sārā.
Putra-Hīn Santati Sukh Pāve. Nirdhan Dhanī Banē Gun Gāve.

Is Vidhi Pāṭh Kare Jo Koī. Dukh Bandhan Chhoote Sukh Hoī.
Jitendra Candra Bhāratīya Batāve. Paṛheṁ Chālīsā To Sukh Pāve.

Sabse Laghu Upāy Yah Jāno. Siddh Hoy Man Meṁ Jo Ṭhāno.
Lalitā Kare Hriday Meṁ Bāsā. Siddhi Det Lalitā Chālīsā.

Dohā
Lalitē Māṁ Ab Kripā Karo, Siddh Karo Sab Kāma.
Śraddhā Se Śir Nāy Kare, Karte Tumhe Praṇām.

## About Sri Lalita Chalisa in English

Sri Lalita Chalisa is a devotional hymn dedicated to Goddess Lalita, a supreme manifestation of Goddess Durga and the embodiment of divine feminine energy in Hinduism. She is revered as the goddess of power, wisdom, beauty, and grace. The Lalita Chalisa consists of 40 verses (Chalisa), which extol her virtues, divine qualities, and the countless blessings she bestows upon her devotees.

The hymn praises Goddess Lalita as the cosmic mother who creates, sustains, and destroys the universe through her divine energy. She is depicted as a compassionate and loving deity who bestows knowledge, peace, prosperity, and spiritual liberation to her worshippers. The Chalisa describes her various forms and attributes, including her four arms that hold sacred items like a conch, discus, bow, and arrow, symbolizing her supreme power and control over the universe.

Chanting the Lalita Chalisa is believed to invoke Goddess Lalita's blessings for protection from evil, prosperity, mental peace, and fulfillment of desires. It is especially recited by those seeking strength, wisdom, and divine intervention in their lives. Devotees believe that by chanting this hymn with devotion, they can overcome obstacles, attain inner peace, and receive Goddess Lalita's divine grace and blessings.

## About Sri Lalita Chalisa in Hindi

श्री ललिता चालीसा एक भक्ति प्रार्थना है, जो देवी ललिता को समर्पित है। देवी ललिता को शक्ति, सौंदर्य, ज्ञान और कृपा की देवी माना जाता है। वे दुर्गा का ही रूप हैं और उनके पास ब्रह्मा, विष्णु और महेश की शक्तियां हैं। ललिता चालीसा में देवी ललिता के रूप, गुण और उनके द्वारा दी गई आर्शीवादों का वर्णन किया गया है।

यह चालीसा 40 चौपाइयों में बंटी हुई है, जो देवी ललिता की महिमा का बखान करती है। इसमें उनके दिव्य रूप, उनके आभूषण, उनके वाहन और उनके विभिन्न रूपों का उल्लेख किया गया है। देवी ललिता को शांति, समृद्धि, ज्ञान, और भक्ति की देवी माना जाता है। यह चालीसा विशेष रूप से उन भक्तों द्वारा पढ़ी जाती है, जो देवी से मानसिक शांति, सुख, समृद्धि और जीवन में सफलता की प्राप्ति चाहते हैं।

श्री ललिता चालीसा का नियमित पाठ भक्तों को सकारात्मक ऊर्जा, मानसिक शांति और जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में सफलता की प्राप्ति में मदद करता है। यह चालीसा संकटों से मुक्ति, खुशहाली और भगवान की कृपा प्राप्त करने के लिए एक प्रभावी साधन मानी जाती है।